संख्या– 109 /60–3–2017-1369/15 TC

प्रेषक,

रेणुका कुमार,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

श्री आर0के0 गोयल,
प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम, लखनऊ।

महिला एवं बाल विकास अनुभाग–3 **लखनऊः दिनांकः 30 जनवरी, 2017**

विषयः– उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई आशा ज्योति केन्द्र निर्माणाधीन परिसरों के हस्तांतरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया शासन के पत्र संख्या–330/पी0एस0एम0के0/2016, दिनांक 12.08.2016 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे, जिसके द्वारा उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई आशा ज्योति केन्द्रों के निर्माणाधीन परिसरों का निरीक्षणोंपरान्त पायी गयी त्रुटियों में सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में शीघ्रातिशीघ्र हस्तांतरण की कार्यवाही पूरी करने के लिये निर्देशित किया गया है।

2. उल्लेखनीय है कि समस्त रानी लक्ष्मीबाई आशा ज्योति केन्द्रों का लोकार्पण मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 19.12.2016 को किया जा चुका है। अतः उक्त केन्द्रों की गतिशीलता के दृष्टिगत् उक्त कार्यवाही किया जाना अनिवार्य है।

3. उपर्युक्त के क्रम में जनपद–आगरा, मेरठ, बरेली, कन्नौज, कानपुर नगर, इलाहाबाद, वाराणसी, गाजीपुर, गोरखपुर एवं लखनऊ में निर्माणाधीन भवनों में जो भी कार्य लम्बित हैं उसको तत्काल पूर्ण कराकर हस्तांतरण प्रक्रिया सम्पन्न करायी जाये तथा कृत कार्यवाही की अद्यतन सूचना जनपदवार निम्न प्रारूप में भरकर दिनांक 02.02.2017 तक प्रत्येक दशा में शासन में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

क्र0सं0	जनपद	हस्तांतरण प्रक्रिया की स्थिति	स्पष्टीकरण

भवदीया,

30/1/17

(रेणुका कुमार)
प्रमुख सचिव।

C-2 tandan ji-go

संख्या– 105 (1)/60–3–2017 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– निदेशक, महिला कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।

2– सम्बन्धित जिला परिवीक्षा अधिकारी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे अपने जनपद से सम्बन्धित निर्माणाधीन उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई आशा ज्योति केन्द्र के हस्तांतरण की कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

3– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(नीलिमा श्रीवास्तव)
संयुक्त सचिव।

C-2 tandan ji-go